SJU Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 16 नवंबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 49

## महत्वपूर्ण एवं खास

### हरियाणा में सड़क हादसे में पांच की मौत

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा के कुरूक्षेत्र जिले में एक कार सडक़ के डिवाइडर से टकरा गई और फिर दूसरी तरफ एक दूसरे वाहन से उसकी टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर ठीकरी गांव के पास हुआ। पिहोवा की ओर से आ रहे कार चालक ने शायद वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और कार डिवाइडर से जा टकराई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि डिवाइडर जंप करने के बाद कार सामने से आ रहे दूसरे वाहन से टकरा गई।

### मुंबई में इमारत में लगी आग, पांच को बचाया गया; दुकानें जल कर हुई खाक

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई के बायकुला में बुधवार को दो मंजिला एक इमारत में भीषण आग लग गई, कम से कम पांच लोगों को बचाया गया। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने यह जानकारी दी। इमारत में जूते की एक दुकान और दूसरे सामान वाली कई दुकानें हैं। आग लगने की सूचना सुबह करीब 7 बजे भायखला के भीड़भाड़ वाले सांकली स्ट्रीट इलाके में सैफी मंजिल से मिली। आग की लपटें चमड़े के सामान, कपड़ों और बिजली फिटिंग वाली दुकानों तक फैल गईं, जिससे धुएं के घने काले बादल निकलने लगे। इससे आस-पास की इमारतों में चिंता फैल गई। फंसे हुए कम से कम पांच लोगों को मुंबई फायर ब्रिगेड ने बचाया। फायर ब्रिगेड के कर्मचारी बगल की इमारत से सीढिय़ों के जरिए उनके पास पहुंचे। एक स्थानीय प्रत्यक्षदर्शी ने कहा, 12 दमकल गाडिय़ां आग पर काबू पा रही हैं। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है और एहतियात के तौर पर इलाके के एक हिस्से की घेराबंदी कर दी गई है।

### सेप्टिक टैंक के अंदर दम घुटने से 4 मजदूरों की मौत

**सूरत (आरएनएस)।** गुजरात के सूरत में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां सेप्टिक टैंक के अंदर काम करने के दौरान दम घुटने से 4 प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई।ये घटना पलसाना-कटोदरा रोड पर स्थित एक कपड़ों के रंगाई के कारखाने में हुई है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कारखाने में मौजूद सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान यह हादसा हुआ। रिपोर्ट्स के अनुसार, मंगलवार देर शाम सूरत के पलसाना स्थित कारखाने में मौजूद सेप्टिक टैंक की सफाई करने के दौरान 2 प्रवासी मजदूर दम घुटने से बेहोश हो गए थे।इस बीच उन्हें बचाने के लिए 2 अन्य मजदूर भी टैंक में उतरे, लेकिन उनकी भी हालत बिगडऩे लगी और वो भी बेहोश होकर वहीं गिर गए।सभी को आनन-फानन में टैंक से बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया और डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गुजरात पुलिस के अनुसार, बुधवार सुबह 6:00 बजे हादसे की सूचना मिली थी, जिसके बाद बाद एक टीम घटनास्थल पर पहुंची और पता चला कि 4 मजदूरों की टैंक में दम घुटने से मौत हो गई।बारडोली डिवीजन के पुलिस उपाधीक्षक एच एल राठौड़ ने कहा, चारों मृतक बिहार के रहने वाले हैं। हम कारखाना के वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ कर रहे हैं और मामले की जांच के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### घर में आग लगने से मारे गए हिंदू परिवार के सदस्यों को दी गई श्रद्धांजलि

**लंदन।** पश्चिम लंदन में दिवाली समारोह के दौरान एक भयानक घटना में घर में आग लगने से से तीन बच्चों सहित एक हिंदू परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई थी। लोगों ने इस परिवार के सदस्यों को अपनी श्रद्धांजलि दी। रविवार की रात चैनल क्लोज हाउंस्लो में आग लगने से सीमा रात्रा की उनके तीन बच्चों -- रियान, शनाया और आरोही के साथ मृत्यु हो गई। इस हादसे में उनके घर आए एक मेहमान की भी मौत हो गई। जबकि रात्रा के पति एरोन किशन बच गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, छठा व्यक्ति लापता है। पुलिस आग के कारणों की जांच कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार स्प्रिंगवेल स्कूल की ओर से मंगलवार को घटनास्थल पर बच्चों के लिए फूलों के गुच्छे रखे गये। मिसेज शेल्डन की ओर से दी गई श्रद्धांजलि में लिखा गया, तीन खूबसूरत आत्माओं को खोने के बारे में सुनकर हमारे दुख को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। एक छह वर्षीय बच्चे ने अपनी श्रद्धांजलिमें कहा, प्रिय रियान, मुझे बहुत दुख है कि आपके साथ ऐसा हुआ।

## जम्मू-कश्मीर के डोडा में भीषण सड़क हादसा

# खाई में बस गिरने से 38 यात्रियों की मौत

**पीएम ने जताया शोक**



**डोडा (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के डोडा से भयानक बस हादसे की खबर सामने आ रही है। यहां एक यात्रियों से पूरी भरी बस ही खाई में जा गिरी है। इस हादसे में अब तक बस में यात्रा कर रहे 38 लोगों की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस दर्दनाक घटना के बाद प्रशासन द्वारा लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक बताया जा रहा है कि हादसे का शिकार हुई बस में 55 यात्री सवार थे और यह बस जम्मू से किश्तवाड़ की ओर जा रही थी। हालांकि, रास्ते में असर क्षेत्र में ही बस भयानक हादसे का शिकार हो गई। प्रशासन द्वारा घायल यात्रियों को डोडा जिले के सरकारी अस्पताल और किश्तवाड़ जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

डोडा में हुए बस हादसे पर पीएम मोदी ने शोक प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुई बस दुर्घटना दुखद है। उन परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। पीएम ने आगे बताया कि प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये और घायलो को 50 हजार रुपये की राशि दी जाएगी।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस बस हादसे पर शोक जताया है। उन्होंने लिखा कि अस्सर क्षेत्र में बस दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद डोडा के डीसी हरविंदर सिंह से बात की है। घायलों को आवश्यकता के अनुसार जिला अस्पताल किश्तवाड़ और जीएमसी डोडा में स्थानांतरित किया जा रहा है। अधिक घायलों को स्थानांतरित करने के लिए हेलीकॉप्टर सेवा की व्यवस्था की जाएगी। आवश्यकतानुसार हरसंभव सहायता उपलब्ध करायी जा रही है। मैं लगातार संपर्क में हूं। डोडा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अब्दुल कयूम ने कहा कि घटना में अब तक 38 लोगों की मौत हो चुकी है।

अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, इस हादसे की वजह बस का ओवरलोड होना था इसके अलावा बस चालक के नियंत्रण खो देने की भी खबर सामने आ रही है। इस बस हादसे में मौत का आंकड़ा और अधिक बढ़ सकता है। इस हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है।

## नोएडा एक्सप्रेस-वे पर चलती बस में लगी आग, सवारियों ने कूदकर बचाई जान



**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर बुधवार को एक डबल डेकर बस में आग लग गई। आग लगने के कारण बस में मौजूद सवारियों ने बस से कूदकर अपनी जान बचाई। यह बस यात्रियों को लेकर नोएडा के सेक्टर 37 से सीवान की तरफ जा रही थी।

आग लगने की घटना के बाद बस में बैठे यात्रियों में हडक़ंप मच गया।हालांकि, समय रहते यात्रियों ने बस से कूदकर अपनी जान बचा ली। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर खड़ा किया और बस में लगी आग को बुझाने का काम शुरू किया गया।

पुलिस का कहना है कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। जिस बस में आग लगी, वह एसी बस है। अनुमान लगाया जा रहा है कि शार्ट सर्किट की वजह से बस में आग लगी। फिलहाल पुलिस बल मौके पर है।

पुलिस का कहना है कि सभी यात्री सुरक्षित हैं, लेकिन बस में आग लगने की वजह से नोएडा एक्सप्रेस-वे पर यातायात प्रभावित हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक करीब 3:15 बजे सूचना मिली कि नोएडा से ग्रेटर नोएडा सेक्टर 96 एक्सप्रेस-वे पर एक डबल डेकर बस में आग लगी है।

इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर देखा तो बस में आग लगी हुई थी सभी सवारी बाहर निकल गई, कोई जनहानि नहीं हुई। लगभग 60 यात्रा थे। बस (यूपी 53 जीटी 2907) सेक्टर 37 से चलकर बिहार के सीवान जा रही थी। बस में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लगी।

## कर्नाटक में हिजाब पहनकर परीक्षा देने की अनुमति

**कर्नाटक परीक्षा अथॉरिटी ने दिया स्पष्टीकरण**

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** हिजाब पर पाबंदी की अटकलों से उठे विवाद के बाद कर्नाटक एग्जामिनेशन अथॉरिटी ने आज अपनी वेबसाइट पर यह स्पष्टीकरण दिया कि परीक्षाओं में हिजाब पर बैन नहीं है। सभी परीक्षार्थी निर्धारित समय से दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंच जाएं।

इससे पहले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कर्नाटक में परीक्षाओं के दौरान कथित तौर पर हिजाब पर प्रतिबंध लगाने और राज्य की पूर्ववर्ती भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार द्वारा लगाई गई पाबंदी को रद्द करने के लिए कदम नहीं उठाने को लेकर मंगलवार को कांग्रेस सरकार की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने परीक्षाओं में हिजाब पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसने पिछली भाजपा सरकार के हिजाब प्रतिबंध को भी रद्द नहीं किया है।

उनका यह बयान राज्य में 18 और 19 नवंबर को आयोजित विभिन्न बोर्ड और निगमों की भर्ती परीक्षाओं के लिए कर्नाटक परीक्षा प्राधिकरण द्वारा ड्रेस कोड जारी करने के बाद आया था। परीक्षा बोर्ड ने कहा है कि परीक्षा कक्ष में 'ब्लूटूथ' उपकरणों के उपयोग को रोकने के लिए सिर पर टोपी पहनना या कोई अन्य कपड़ा रखना प्रतिबंधित है। तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी पर हमला करते हुए ओवेसी ने कहा, तेलंगाना कांग्रेस प्रमुख 'आरएसएस' अन्ना तेलंगाना में कर्नाटक मॉडल लागू करना चाहते हैं। यही कारण है कि वह शेरवानी का अपमान करते हैं।

एआईएमआईएम नेता आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) से कथित रिश्तों को लेकर रेड्डी को निशाना बनाते रहे हैं। इसके बाद केईए की तरफ से यह स्पष्टीकरण जारी किया गया।

## घुसपैठ की बड़ी कोशिश नाकाम, सेना ने दो आतंकियों को किया ढेर



**श्रीनगर (आरएनएस)।** उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के उरी सेक्टर में भारतीय सेना को एक बड़ी सफलता मिली है। उरी सेक्टर के एलओसी पर कुछ आतंकवादियों ने घुसपैठ करने की कोशिश की। इस दौरान भारतीय सेना के साथ उनकी मुठभेड़ हुई जिसमें सेना ने 2 आंतकियों को मार गिराया है। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक खराब मौसम का फायदा उठाते हुए आंतकवादियों ने घुसपैठ करने की कोशिश की। मगर सेना को उनके हलचल की जानकारी मिल गई। इसके बाद आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुआ जिसमें दो आंतकी मारे गए हैं।

ऐसा पहली बार नहीं है कि पाकिस्तान की तरफ से आतंकवादियों ने भारत में घुसपैठ करने की कोशिश की हो। इससे पहले अक्टूबर महीने में भी आतंकियों ने उरी सेक्टर के एलओसी पर घुसपैठ करने की कोशिश की थी। उस समय भी भारतीय सेना ने आतंकियों के इरादे पर पानी फेरा था। अक्टूबर में भी सेना ने 2 आतंकियों को मार गिराया था। इसके अलावा 2 एके सीरीज की राइफल और 4 हैंड ग्रेनेड भी बरामद किया था।

## पंजाब में बीएसएफ ने ड्रोन को मार गिराया, नशीले पदार्थों के साथ एक और ड्रोन जब्त



**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक ड्रोन को मार गिराया और नशीले पदार्थों के पैकेट के साथ एक दूसरे ड्रोन को जब्त कर लिया। मंगलवार की रात को पहली घटना में, बीएसएफ के जवानों ने तरनतारन सेक्टर के मियांवाली गांव के पास एक ड्रोन को मार गिराया। बुधवार सुबह पंजाब पुलिस के साथ चलाए गए संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान गांव से सटे खेतों से दो बैटरियों के साथ ड्रोन को टूटी हालत में बरामद किया गया। एक अलग घटना में, बीएसएफ के जवानों ने सीमा बाड़ के आगे एरिया डोमिनेशन गश्त के दौरान अमृतसर सेक्टर के रोरनवाला खुर्द गांव के पास खेतों में एक संदिग्ध वस्तु पड़ी देखी। जांच करते समय, सैनिकों ने पीले टेप में लिपटे लगभग 500 ग्राम हेरोइन वाले पैकेट के साथ एक ड्रोन भी बरामद किया। बीएसएफ ने कहा कि जब्त किए गए दोनों ड्रोन चीन निर्मित डीजेआई माविक-3 क्लासिक क्वाडकॉप्टर हैं।

## मौसम का बदला मिजाज, कई राज्यों में भारी बारिश के आसार

**आईएमडी ने दिया बड़ा अपडेट**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश के कई राज्यों में इस हफ्ते जोरदार बारिश के अनुमान जताए गए हैं। मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ पर कम दबाव का क्षेत्र बनने की वजह से तटीय इलाकों में बारिश का पूर्वानुमान जताया है। अलगे 24 घंटे में जहां तमिलनाडु के कई हिस्से में बारिश के आसार हैं, वहीं पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में आज से भारी बारिश की भविष्वाणी की गई है। ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा दिल्ली में भी आज से बूंदाबांदी का अनुमान है।

आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक सोमा सेन ने कहा, पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। यह सिस्टम तेज हो जाएगा और उत्तर की ओर चला जाएगा। पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में 15, 16 और 17 नवंबर को बारिश हो सकती है। पश्चिम बंगाल के दक्षिणी जिलों और उत्तरी-तटीय ओडिशा के जिलों में बहुत भारी बारिश की संभावना है। इन जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। उत्तरी जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी और हल्की बारिश हो सकती है।

तमिलनाडु में बारिश पर चेन्नई क्षेत्रीय मौसम विज्ञान विभाग के निदेशक बालाचंद्रन ने बताया, हमारे यहां बहुत अच्छी वर्षा हुई, खासकर तटीय क्षेत्रों में। लगभग 36 जगहों पर भारी वर्षा दर्ज की गई, जिसमें सबसे अधिक लगभग 90 सेमी वर्षा चेन्नई डीजीपी कार्यालय में दर्ज की गई। जहां तक पूर्वानुमान का सवाल है, अगले 24 घंटों में तटीय क्षेत्रों के कई स्थानों और आंतरिक क्षेत्रों के कुछ हिस्से में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने ओडिशा के 6 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें भद्रक, केंद्रापड़ा, कटक, जगतसिंहपुर, पुरी और गंजाम हैं, जबकि 17 नवंबर को असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश का अनुमान लगाया गया है। वहीं, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में भी धीरे-धीरे ठंड का आगमन हो रहा है। सुबह के वक्त कोहरा और शाम में सर्दी बढऩे लगी है। दिल्ली में 15 नवंबर से बूंदाबांदी का अनुमान है। जम्मू कश्मीर में भी हल्की बारिश की संभावना है।

इसके अलावा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश संभव है। बारिश की गतिविधियां धीरे-धीरे तटीय आंध्र प्रदेश, तटीय ओडिशा और गंगीय पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों को कवर कर लेंगी। 15 नवंबर को दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी में समुद्र की स्थिति खराब रहेगी।

## नई दिल्ली दरभंगा एक्सप्रेस में लगी भीषण आग, मची चीख-पुकार



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के सराय भोपत रेलवे स्टेशन से बड़ी खबर सामने आई है. यहां नई दिल्ली से दरभंगा जा रही क्लोन एक्सप्रेस में भीषण आग लग गई है. हादसे में ट्रेन का एक डिब्बा जलकर राख हो गया है, जबकि अन्य दो डिब्बों में भी आग लगने से काफी नुकसान हुआ है. यह हादसा उस समय हुआ जब ट्रेन संख्या 02570 दरभंगा क्लोन स्पेशल उत्तर प्रदेश के सराय भोपत रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी. तो एस 1 कोच में धुआं देखकर स्टेशन मास्टर ने तुरंत ट्रेन रोक दी. डिब्बों ने निकलती आग की लपटें और धुंए का गुबार देखते ही यात्रियों की चीख निकल गई. इसके साथ ही यात्रियों में जान बचाने के लिए भगदड़ मच गई.

उत्तर रेलवे के सीपीआरओ ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। कोई चोट या हताहत नहीं है. ट्रेन शीघ्र ही रवाना होने वाली है.

## ब्रह्म मुहूर्त में समाधि पूजा के बाद शीतकाल के लिए बंद हुए केदारनाथ धाम के कपाट



**रुद्रप्रयाग (आरएनएस)।** विश्व प्रसिद्ध भगवान केदारनाथ मंदिर के कपाट भैया दूज के पवित्र मौके पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। ब्रह्म मुहूर्त में समाधि पूजा के बाद गर्भ गृह बंद किया गया जबकि सुबह साढ़े 8 बजे मंदिर का मुख्य द्वार बंद कर दिया गया। सेना के बैंडों की मधुर धुनों और बम बम भोले, जय केदार के जयघोषों के बीच डोली को केदारनाथ मंदिर से ऊखीमठ ओंकारेश्वर मंदिर के लिए प्रस्थान कराया गया। कपाट बंद होने पर करीब ढाई हजार भक्त मौजूद थे।

कड़ाके की सर्दी के बीच बुधवार भैया दूज के मौके पर कार्तिक मास शुक्ल पक्ष द्वितीया, वृश्चिक राशि, ज्येष्ठा नक्षत्र में विश्व प्रसिद्ध भगवान केदारनाथ के कपाट बंद किए गए। सुबह मंदिर में नित्य पूजा अर्चना और दर्शन के बाद कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू की गई। स्वयंभू शिवलिंग से श्रृंगार अलग कर केदारनाथ रावल भीमाशंकर लिंग की मौजूदगी में मुख्य पुजारी शिवलिंग द्वारा स्थानीय शुष्क पुष्पों, ब्रह्म कमल, कुमजा, राख से स्वयंभू लिंग को समाधि रूप दिया गया। सुबह 6 बजे मंदिर में समाधि पूजा संपन्न की गई। जबकि सभामंडप में स्थित छोटे मंदिरों को भी बंद किया गया। इसके बाद ठीक साढ़े 8 बजे केदारनाथ मंदिर के दक्षिण द्वार को बंद कर दिया गया। परम्परा के निर्वहन के दौरान बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय के साथ ही जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण, मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह, तीर्थपुरोहित समाज के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

मंदिर को विशेष रूप से फूलों से सजाया: कपाट बंद होने को लेकर बीकेटीसी द्वारा मंदिर को विशेष रूप से फूलों से सजाया गया। सेना के बैंडों की भक्तिमय धुनों और ऊं नम: शिवाय एवं जय बाबा केदार के जयघोषों से सम्पूर्ण केदारपुरी गुंजायमान हो गई। यात्रा के पहले दिन भगवान केदार की डोली देर सांय रामपुर पहुंच गई। जबकि 16 नवम्बर को गुप्तकाशी और 17 नवम्बर को ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ पहुंचेगी। जहां भगवान की डोली गर्भ गृह में विराजमान होगी और यहां छह महीने शीतकाल में बाबा केदार की पूजा अर्चना की जाएगी। कपाट बंद होने पर भारतीय सेना, आईटीबीपी तथा दानीदाताओं ने तीर्थयात्रियों के लिए भंडारा भी आयोजित किया।

ये लोग रहे मौजूद: इस मौके पर बदरी-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व शर्मा की धर्मपत्नी मीडिया दिग्गज रिनिकी भुयान शर्मा, मंदिर समिति सदस्य श्रीनिवास पोस्ती, बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह, तहसीलदार दीवान सिंह राणा कार्याधिकारी आरसी तिवारी, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, थाना प्रभारी मंजुल रावत, प्रदीप सेमवाल, अरविंद शुक्ला, देवानंद गैरोला, उम्मेद नेगी, कुलदीप धर्म्वाण, ललित त्रिवेदी, बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डॉ हरीश गौड़ सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, तीर्थपुरोहित एवं भक्त मौजूद थे।

पीएम और सीएम के मार्गदर्शन में यात्रा का हुआ सफल समापन: बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कपाट बंद होने के मौके पर कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में इस साल केदारनाथ यात्रा का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। इस यात्रावर्ष में साढ़े उन्नीस लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने भगवान केदारनाथ के दर्शन किए हैं। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए आगामी वर्षों में और भी बेहतर तैयारी करने का आह्वान किया। बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि केदारनाथ धाम में 25 अप्रैल को कपाट खुलने की तिथि से 14 नवंबर रात्रि तक 1957850 (उन्नीस लाख सत्तावन हजार आठ सौ पचास) तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए हैं।